उत्तराखण्ड मैट्रो रेल कॉरपोरेशन

हरिद्वार शहर में पी.आर.टी.परियोजना निर्माण कार्य के सम्बन्ध में वार्ता आयोजित

प्रेस विज्ञप्ति : 02/2023

दिनांक 26 / 04 / 2023

हरिद्वार 26 अप्रैल / हरिद्वार शहर में पी.आर.टी. परियोजना (पौड टेक्सी) निर्माण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने का वार्ता का आयोजन किया गया। मेला भवन सभागार में आज मैट्रो रेल परियोजना के निदेशक (प्रोजेक्ट व प्लानिंग) श्री ब्रजेश कुमार मिश्रा, महाप्रबन्धक (सिविल) श्री रघुवेन्द्र सहाय दुबे तथा अन्य अधिकारीगण ने प्रमुख संत महात्मा अखाड़ा प्रमुखों व्यापारीगण के साथ वार्ता का आयोजन किया।

अतः प्रातः 10 बजे प्रारम्भ हुई वार्ता भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानन्द गिरि जी महाराज तथा प्रेम प्रकाश आश्रम के संत नन्दलाल जी महाराज जी को मैट्रो रेल के निदेशक श्री ब्रजेश कुमार मिश्रा ने परियोजना का प्रजेन्टेशन दिखाया तथा तिस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी ललितानन्द गिरी जी महाराज द्वारा चाही गई विभिन्न जानकारियां भी दी गई। जिस पर उन्होने परियोजना की प्रशंसा करते हुए सहयोग करने का आश्वासन दिया। संत नन्दलाल जी महाराज ने भी हरिद्वार दर्शन परियोजना को जनता के लिए सुविधाजनक बताते हुए पूण सहयोग का वादा किया।

पूर्वान 11 बजे शुरू हुई दूसरी बैठक में श्रीमती अनिता शर्मा मेयर हरिद्वार, श्री राकेश रावत, सी.ओ. टैफिक श्री पी.जी. तिवारी, डी.आई.ओ. तथा विभिन्न व्यापार मंडल के प्रतिनिधि श्री गंगासभा के पदाधिकारी सम्बन्धित हुए। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की तरफ से सभी का स्वागत किया गया तथा परियोजना की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

प्रान्तीय उद्योग व्यापार मण्डल की ओर से पौडकार परियोजना का समर्थन करने तथा संहयोग प्रदान करने तथा वचन देते हुए पौड टैक्सी का मार्ग अपर रोड़ रेलवे स्टेशन से खड़खड़ी तक बदंलने का आग्रह किया गया। इसके साथ ही इसका कार्य चार वर्ष तक चलने की शंका जताई गई।

इस सम्बन्ध में निदेशक (प्रोजेक्ट व प्लानिंग) श्री मिश्रा जी ने बताया कि पौड टैक्सी के खंभों की चौड़ाई मात्र 2 फीट है तथा अपर रेलवे रोड़ मार्ग की चौड़ाई लगभग 8 से 13 मीटर(26 फीट से 42 फीट)है। यह खंभे मार्ग के मध्य में लगेंगे । ऐसे में 2 फीट का खंभा लगने के बावजूद सड़क पर आगमन के लिए दोनों तरफ पर्याप्त मार्ग बचेगा।

परियोजना का पूरा कार्य दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तथा व्यस्ततम इलाके के 500–600 मीटर के क्षेत्र का कार्य मात्र 6 महिने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

व्यापार मण्डल द्वारा तकनीकी जानकारियों के सम्बन्ध में प्रश्न उठाये जाने पर मैट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परियोजना सभी प्रकार की उच्च तकनीक व सुरक्षा मानकों के अनुरूप है तथा किसी का भी अहित ना हो इस विषय का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

मैट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा हरिद्वार की जनता, व्यापार मण्डल तथा सभी सम्बन्धित पक्षों से सहयोग की आशा व्यक्त करते हुए परियोजना को जन साधारण की हितेषी बताते हुए हरिद्वार शहर के विकास का एक सेतु बताया है।

26/4/2023

गोपाल शर्मा
जनसम्पर्क अधिकारी,
उत्तराखण्ड मैट्रो रेल कॉरपोरेशन।